तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



13 गुरु बाबा के बताये वचन आज भी प्रासंगिक है





14 हीमोफीलिया मरीजों ने सीखा स्वयं के इलाज का तरीका




## खबर संक्षेप

### मॉडिफाइड साइलेंसर पर पुलिस ने की कार्रवाई



बलौदाबाजार। चौकी करहीबाजार पुलिस ने मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1 वाहन चालक पर कार्रवाई कर कुल 5000 समन शुल्क वसूल किया है। पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी है। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर एवं तीव्र, कर्कश ध्वनि वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर मोटरसाइकिल चलाने वाले 1 वाहन चालक को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त मोटरसाइकिल आर 15 क्रमांक सीजी 22 एएच 0245 के चालक समीर पटेल 20 वर्ष निवासी ग्राम करहीबाजार के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर वाहन चालक से 5000 सम्मन शुल्क वसूल किया है। साथ ही कार्रवाई में पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल में लगे मॉडिफाई साइलेंसर को भी निकलवाया गया।

### हादसा : खेत में गिरी क्रूजर, हाईवा का बिगड़ा बेलेंस

# हाईवा ने रोड पर खड़ी क्रूजर को मारी टक्कर, दादी और पोते की मौत, 9 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

बलौदाबाजार जिले के गिधपुरी थाना अंतर्गत ग्राम खपरी (भ) के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क किनारे खड़ी एक क्रूजर गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्यों दादी और पोते की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम तेलासी निवासी संतराम कमल, जो बलौदाबाजार में हैंडपंप मैकेनिक हैं, अपनी बीमार बेटी सुषमा को अस्पताल से डिस्चार्ज कराने के बाद पूजा-पाठ और झाड़-फूंक के लिए गृहग्राम तेलासी ले जा रहे थे। परिवार ने हरिनभट्ठा से एक क्रूजर गाड़ी सीजी 06 जीसी 6717 बुक की थी।

रात करीब 2 बजे जब वे ग्राम खपरी पहुंचे, तो बेटी की तबीयत अधिक बिगड़ने लगी। गाड़ी को सड़क किनारे रोककर संतराम, उनके दामाद और कुछ अन्य लोग बेटी को पास ही के एक वैद्यराज के घर ले गए। ठंड अधिक होने के कारण परिवार के बाकी 11 सदस्य गाड़ी के भीतर ही बैठे थे।

इसी दौरान आरंग की ओर से आ रहे एक पीले रंग के हाईवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी क्रूजर को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रूजर सड़क किनारे खेत में जा गिरी और हाईवा भी उसमें फंस गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद हाईवा छोड़कर भागा चालक



#### रेत लेकर दौड़ रहे भारी वाहन, बढ़ रहे हादसे

इस बड़ी दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रातभर अवैध रेत का परिवहन करने वाली हाईवा बेहद तेज रफ्तार से चलती हैं। इस हादसे के बाद से लोग इतने डरे हुए हैं कि शाम होते ही परिजनों को घर लौटने की हिदायत दे रहे हैं। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और फरार हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।





#### ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही गिधपुरी थाना प्रभारी संदीप बंजारे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घायलों को पलारी अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान युगल किशोर कमल 18 वर्ष और उनकी दादी शांति बाई कमल 75 वर्ष ने दम तोड़ दिया। हादसे में कुमारी नेहा 20, धर्मेंद्र बेंद्र 28, ज्योति कमल 25, उमा भारती 21, चिंटू कमल 10, डेढ़ वर्षीय मासूम गाम्या, चालक धनेश्वर साहू 30, पोषण कमल 15 और जागेंद्र कमल 22 घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए खरोरा के कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## हत्याकांड के आरोपी पकड़ाये, 3 नाबालिग सहित 7 को जेल भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम सेमरिया में आपसी विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। 28 दिसंबर की रात जयंती कार्यक्रम देखकर लौट रहे युवकों पर कुछ आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में परमेश्वर यदु नाम के युवक की मौत हो गई, जबकि उनके साथी घायल हुए हैं।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों में बहाल दास बंजारे 18 वर्ष, धनेश चेलक 20 वर्ष, धनराज बघेल18 वर्ष निवासी बिजराडीह, टिकेश्वर बांधे 18 वर्ष निवासी गाडाडीह और 3 नाबालिग विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

- आरोपियों ने जयंती कार्यक्रम से लौट रहे युवकों पर किए थे चाकू से हमला

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 दिसंबर की रात करीब 2.30 बजे मृतक परमेश्वर यदु अपने मित्रों के साथ ग्राम सेमरिया में आयोजित जयंती कार्यक्रम देखकर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में गली में कुछ युवक बैठकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब प्रार्थी पक्ष ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए।

आरोपियों ने तुम लोग कौन होते हो मना करने वाले कहते हुए एकजुट होकर प्रार्थी और उसके साथियों पर हाथ-मुक्कों और चाकू से हमला कर दिया। इस प्राणघातक हमले में परमेश्वर यदु को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

#### अस्पताल ले जाने से पहले हुई मौत

घायल परमेश्वर यद्धु को तुरंत शासकीय अस्पताल भाटापारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीशनल एसपी एचएस सिदार के मार्गदर्शन में ग्रामीण थाना टीआई लखेश केवट और उनकी टीम ने जांच शुरू की। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और चश्मदीदों के बयानों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर 7 संदिग्धों को हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में 4 बालिग और 3 विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) शामिल हैं।




सिटी सेंटर, भाटापारा • गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा
इंडस इंड बैंक के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा

## खबर संक्षेप



### शिव महापुराण कथा में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के भूत पूर्व अध्यक्ष मीना सुनील शर्मा के यहां शिव महापुराण कथा समापन में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। शिव महापुराण कथा का समापन पर शोभायात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा भक्ति के साथ भाग लिया। यात्रा कथा स्थल से रवाना होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कथा वाचक कमलेश महाराज ने कथा का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में सत्संग बहुत जरूरी है, जो परमात्मा को नहीं जानता, वह ज्ञान रूपी अंधकार में भटकता है। जो इस अंधकार को दूर कर दे, वही सच्चा गुरु है।



### एनएचएम कर्मचारी बहाल 10 में से 7 मांगें स्वीकार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आंदोलनरत एनएचएम कर्मियों के खिलाफ कड़ा फैसला लेते हुए 25 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया था। लेकिन, अब सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ गया है, और तमाम कार्रवाईयों को शून्य करते हुए सभी कर्मचारियों की बहाली का आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि 33 दिन की हड़ताल में सरकार ने 10 में से 7 मांगों को मानने और अन्य 3 पर भविष्य में अच्छा फैसला करने का आश्वासन दिया था, जिनमें से 3 मांगों को लेकर आदेश जारी हो चुका है। इसमें एक माह का सवैतनिक दुर्घटना/गंभीर बीमारी के लिए अवकाश का प्रावधान, 01 जुलाई 2023 से लंबित 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि और व्यवस्था में पारदर्शिता का आदेश जारी हो चुका है। वहीं 2 अन्य मांग जिसमें स्थानांतरण नीति बनाने और 10 लाख का कैशलेस इलाज के लिए समिति गठित कर दी गई, जिसका भी आदेश जल्दी आने की उम्मीद है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ महासमुंद जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।

### खट्टी में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा 3 को

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 03 जनवरी को शाम 7 बजे से किया गया है। उक्ताशय की जानकारी हेमराज साहू एवं कमलेश ध्रुवंशी ने दी है।

## निधन

### झाडूराम साहू

**महासमुंद।** ग्राम बांसकाटा निवासी



झाडूराम साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष साहू समाज पिथौरा का स्वर्गवास 30 दिसंबर को हो गया। वे स्वर्गीय परमानंद साहू (गुरुजी) समाज रत्न के पुत्र तथा स्व विद्यानंद साहू एवं नेमीचंद साहू के भाई, स्व हेमंत साहू, माधुरी साहू, चंद्रिका साहू, लक्ष्मीकांत साहू एवं विनोद साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बांसकाटा में किया गया।

# श्रीमद भागवत समारोह में रुक्मिणी विवाह का किया गया भक्तिमय वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के छठवें दिन कथाव्यास आचार्य दीपक शर्मा ने कृष्ण बाल लीला, कंस वध, मुचुकुंद उध्दार, रूखमणी मंगल विवाह परंपरा रस्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। आचार्य ने प्रसंग में बताया कि जब-जब संसार में पाप बढ़ेगा, तब-तब कृष्ण के रूप में भगवान प्रकट होकर इस संसार का उद्धार करेंगे। भगवान कृष्ण की हर लीला में एक गूढ़ संदेश निहित है। उन्होंने गोवर्धन पर्वत, कंस वध और यशोदा माता द्वारा कृष्ण के दर्शन जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये घटनाएं हमें सिखाती हैं कि जब तक मनुष्य अपने भीतर के अहंकार और नकारात्मकता का नाश नहीं करता, तब तक वह ईश्वर के सच्चे स्वरूप को नहीं जान सकता। इस प्रसंग में श्रद्धालुओं ने हरे राम हरे कृष्ण और गोविंद बोलो, हरि गोपाल बोलो जैसे भजनों पर झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया।



मुचुकुंद का कृष्ण से भेंट और उद्धार की कथा में बताया कि राजा मुचुकुंद, युद्ध नीति में निपुण थे और उन्होंने देवताओं की सहायता के लिए असुरों से लंबा युद्ध लड़ा, मुचुकुंद ने कृष्ण को देखा और उनसे भक्ति का वरदान मांगा, न कि सांसारिक सुखों का। कृष्ण ने उन्हें दर्शन दिए, उनकी क्षत्रिय जीवन की हिंसा के पाप धोने के लिए तपस्या करने का निर्देश दिया और कहा कि वे अगले जन्म में ब्राह्मण बनेंगे और अंत में परमात्मा को प्राप्त करेंगे। जब जीव में अभिमान आता है, तब भगवान से वह दूर हो जाता है। लेकिन, जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो कृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते हैं। भगवान कृष्ण-रुखमणि विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुखमणी के साथ हुआ, लेकिन रूखमणी को कृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। रूखमणी मंगल कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इसका श्रवण करता है, उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। कृष्ण-रूखमणि विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। इस मौके पर आयोजक की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रूखमणि विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर चंदन कुमार चंद्राकर, व्यास चंद्राकर, बलराम पटेल, घनश्याम चंद्राकर, बेदुल चंद्राकर, डोलू साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर, सीताराम निषाद, दौलत चंद्राकर, ओमप्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।



## बैठक: जिपं सीईओ ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने समय-सीमा की बैठक लेकर संचालित कार्यक्रमों एवं शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने प्रशासन गांव की ओर अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य अनिवार्य रूप से जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं। जनपद सीईओ, आरईएस एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीईओ नंदनवार ने निर्देश दिए कि जिला नोडल अधिकारी प्रत्येक सप्ताह भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करें, विशेषकर शनिवार एवं रविवार को। जिन राइस मिलों का डीओ कट चुका है, वहां से उठाव सुनिश्चित किया जाए। धान उठाव को लेकर निर्देश दिए कि मिलरों एवं परिवहन एजेंसियों के समन्वय से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नियमित एवं सुचारू उठाव सुनिश्चित किया जाए। उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। साथ ही राइस मिल्स का भी पीवी ऐप के माध्यम से सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। धान खरीदी में छोटे एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने राशन कार्ड ई-केवाईसी पर समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब भी लंबित राशन कार्डों का ई-केवाईसी मिशन मोड में जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण के दौरान लाभार्थियों को बुलाकर वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाए और मृत व अनुपलब्ध सदस्यों का विलोपन किया जाए। सीईओ ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, निर्माण प्रगति, लंबित प्रकरण, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के भुगतान तथा जियो-टैगिंग की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अपार आईडी शिविर लगाने, शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में एमसीसी पिथौरा प्रथम एवं केसीसी कस्तूरबोड़ रहे द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

केसीसी कस्तूरबोड़ के तत्वावधान में छिलपावन निवासी स्व. घनश्याम पटेल गुरुजी की स्मृति में आयोजित ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में छग एवं ओडिशा की 8 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसका फाइनल मैच एमसीए पिथौरा और केसीसी कस्तूरबोड़ के मध्य हुआ। पिथौरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए, जिसमें पोलेश मिश्रा के 90 रन एवं अविनाश पटेल का 70 रन का योगदान रहा। कस्तूरबोड़ की ओर से देवेंद्र सिंह, पंकिल टांडी और आयुष ने 2-2 विकेट लिए। इसके जवाब में कस्तूरबोड़ की टीम 171 रन पर ऑल आउट हो गई। पिथौरा की तरफ से कार्लोस व पोलेश ने 3-3 विकेट लिए। इस तरह से पिथौरा ने 69 रन से फाइनल मैच जीत लिया।



इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमसीसी पिथौरा को 21000 नगद और ट्रॉफी दूसरे स्थान पर रही केसीसी कस्तूरबोड़ को 11000 और ट्रॉफी भेट की गई, फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच पोलेश मिश्रा को दिया गया। आयोजन में आलोक नायक, राधेश्याम नागवंशी, चूड़ामणि साहू, रिक्की चावला, लोकेश पुनरिया, सुनील सारडा, कमलेश गिरी एवं कस्तूरबोड़ के ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

### बल्दीडीह में हुआ हिंदू सम्मेलन

**महासमुंद।** जिले के मेमरा मंडल अंतर्गत ग्राम बल्दीडीह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में हिंदू–हिंदू भाई–भाई के संदेश के साथ हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। सम्मेलन का संचालन मंच संचालक कमलेश डडसेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार शर्मा, अध्यक्षता गंगा देवी ठाकुर (कौड़िया राज रानी साहिबा एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जयंती नायक तथा मुख्य वक्ता नंदकुमार साहू उपस्थित रहे। आयोजन की संयोजिका गायत्री बरिहा रहीं। संघ क्षेत्र से खंड कार्यवाहक प्रेमसागर साहू (खंड पिथौरा) एवं पंचराम गहिर की उपस्थिति रही। वहीं दुर्गा वाहिनी की महिलाएं खिरोदनी धुव, पदमिनी धुव (खंड संयोजिका), पूर्णिमा भोई, प्रतिमा भोई एवं प्रियंका डडसेना ने सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वागत समिति में उजागर भोई, कपिलास साहू, गायत्री बरिहा, घासीराम यादव एवं रेवती कैवर्त शामिल रहे।

# विधायकों ने दी डड़सेना को श्रद्धांजलि



**पिथौरा (ग्रामीण)।** तमनार (रायगढ़) प्रवास के दौरान पिथौरा में रात्रि विश्राम के पश्चात बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं मानपुर–मोहला विधायक इंद्रशाह मंडावी ने पिथौरा के पूर्व मंडी अध्यक्ष स्वर्गीय ओमप्रकाश विक्रम डड़सेना के निज निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायकों ने स्वर्गीय डड़सेना के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उनके निवास में स्वल्पाहार भी ग्रहण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत ओमप्रकाश डड़सेना के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रमुख रूप से शीतला समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रेमलाल सिन्हा, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव संजय सिन्हा, पूर्व पार्षद राजू सिन्हा, कलार समाज के युवा नेता आत्माराम पंकज सिन्हा, विद्युत ठेकेदार सुरेश सिन्हा, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव जितेंद्र सिन्हा, युवा नेता अनिमेष डे, पूर्व पार्षद सागर निषाद, टेटे विश्वकर्मा, चैंपियन विश्वकर्मा, दिनेश गोलू रावल, रमेश निषाद, किशन ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल होना चाहिए : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के मैच का शुभारंभ भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, रविंदर आजमानी, सुमित अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे तथा युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल को शामिल किया जाना चाहिए। आज के भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है, और स्वस्थ जीवन के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है।



इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य सुधीर प्रधान, राजेश साहू, राजेश चौधरी, कौशल मानिकपुरी, योगेश सोनवानी एवं नारायण गभेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# कछारडीह में बड़े धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती ग्राम कछारडीह में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, अध्यक्षता युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक, विशेष अतिथि के तौर पर धरम पटेल जिला पंचायत प्रतिनिधि, पारस पटेल, राम भजन नायक, भागवत साहू, सेवक राम साहू, श्यामलाल साहू, मनोहर साहू, बेनू पटेल, गोवर्धन यादव रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत जैतखाम की पूजा अर्चना व बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात पंथी पार्टी हाथीगढ़ की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि बंजारे ने सभा को संबोधित करते हुए सतनाम संस्कृति पर विस्तृत जानकारी देते हुए खानी, बानी व सीयानी के बारे में बताया और बाबा द्वारा दिए गए उपदेशों एवं संदेशों को स्वयं में आत्मसात करने की अपील की। अध्यक्षता कर रहे चौलिक ने सभा को संबोधित करते हुए समस्त ग्रामवासियों को शिक्षा एवं नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने का आग्रह किया। जिला पंचायत प्रतिनिधि पटेल ने गुरु पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सामाजिक सद्भावना बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में पंथी पार्टी हाथीगढ़ की उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलाल टंडन पूर्व सरपंच एवं आभार प्रदर्शन राकेश टंडन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कॉलेज में वीर बाल दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता एवं साहिबजादे जोरावरसिंह, फतेहसिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पुष्पार्पण कर किया गया। प्राचार्य एचएल दीवान ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम का प्रस्तावना वाचन के साथ छात्र-छात्राओं को अतिथियों के उद्बोधन का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि एवं प्रवक्ता समाजसेवी त्रिलोकसिंह सलूजा ने वीर बाल दिवस आयोजन का उद्देश्य तथा साहिबजादों के वीरगाथा, धार्मिक आस्था तथा उनके पूर्वजों का इतिहास के बारे में बताया। प्रवक्ता कुलजीतसिंह सलूजा विधायक प्रतिनिधि ने खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोविंदसिंह की वीरता, वैराग्य एवं धार्मिक सहिष्णुता के बारे में विस्तार से बताया। प्रवक्ता हनीसिंह गंभीर ने सिख समाज के गौरवशाली इतिहास, गुरुग्रंथ साहिब में विभिन्न धर्मों के शब्दों का उल्लेख, सिक्खों का समाजसेवी राष्ट्रभक्ति भावना का वर्णन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनभागीदारी समिति के सदस्य सुनील पटेल ने साहिबजादों के अल्प आयु में ही कट्टर धार्मिक आस्था एवं उनके बलिदान से छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेने की बात कहीं। इस अवसर पर महाविद्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी, रासेयो स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने का नाम ही हिंदुत्व : संजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. संजीव कर्मकार ने कहा कि हिंदू कोई मात्र धर्म नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन पद्धति है। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार हम सनातन हैं, वैदिक हैं और राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने का नाम ही हिंदुत्व है।

उन्होंने कहा कि समाज को छुआछूत, जातिवाद, संप्रदायवाद, भाषावाद और प्रांतवाद जैसी संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए देश व समाज के लिए कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ममता शीतल मिश्रा ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार व्यक्त करते हुए स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व का बोध ही समाज की दिशा और दशा तय करता है। भाषा, भूषा और स्वदेशी वस्तुओं का आग्रह ही देश को आत्मनिर्भर बनाएगा। पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए उन्होंने कहा



कि जो प्रकृति की रक्षा करता है, प्रकृति भी उसकी रक्षा करती है। पेड़, पानी और प्लास्टिक के संतुलित उपयोग से पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजिम विभाग के धर्म जागरण संयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होना केवल एक संगठन की यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र के पुनरुत्थान और चरित्र निर्माण का शताब्दी पर्व है। उन्होंने युवाओं और मातृशक्ति से अपनी संस्कृति व संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया और समाज की एकता को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजा-अर्चना से हुआ। आयोजन समिति की ओर से भूपेंद्र चंद्राकर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन खेमराज बघेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन दिनेश देवांगन द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडवानी गायन एवं सुमधुर सुआ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति भी हुई। भारत माता की आरती एवं सामूहिक संकल्प वाचन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिनमें खंड संचालक भागोली राम साहू, जिला बौद्धिक प्रमुख राधेश्याम सोनी, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा सहित झलप, महासमुंद, सिंघनपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से शामिल रहे।



### डयूक पाइप विक्रय में प्रथम स्थान

**रायपुर।** विजय पटेल (मुरली मोटर्स झलप) ने पिछले 3 वर्षों से शानदार मेहनत करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में डयूक पाइप विक्रय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिस पर डयूक पाइप ने उनकी मेहनत और लगन को सराहा है।

## खबर संक्षेप

### नगर में दीपोत्सव आज

**महासमुंद।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि 31 दिसंबर बुधवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सर्व हिंदू समाज महासमुंद के सदस्यों एवं शहरवासियों के सहयोग से त्रिमूर्ति कॉलोनी से खैरा चौक तक डिवाइडर पर एवं ओवरब्रिज के दोनों ओर को संध्या 5 बजे से नगर में 24 हजार दीप प्रज्ज्वलित की जाएगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि दीपोत्सव पश्चात शाम 7 बजे कचहरी चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती की जाएगी। सर्व हिन्दू समाज महासमुंद ने समस्त समाजजनों एवं नगरवासियों से दीपोत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है।

### सख्त कार्रवाई, 1100 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार संयुक्त टीम द्वारा लगातार सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत एसडीएम नमिता मारकोले के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरणों में 1100 कट्टा धान जब्त किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम टेमरी में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए एक वाहन को पकड़ा गया। जांच के दौरान वाहन में कुल 300 कट्टा धान पाया गया, जिसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। मौके पर राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा धान को जब्त कर मंडी समिति को सुपुर्द किया गया तथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में सिद्ध ट्रेडर्स कोमाखान के प्रोपराइटर आशीष जैन के ग्राम मौलीमुड़ा नवाडीह स्थित गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में 800 कट्टा अवैध धान का भंडारण पाया गया।

### प्रशिक्षु आईपीएस मानसी ने संभाला पदभार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में



सोमवार को प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी मानसी नानाभाउ साकोरे ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के तहत जिला रायपुर में विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने उनका आत्मीय स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मानसी नानाभाउ साकोरे को अपने प्रशिक्षण काल के दौरान रायपुर जिले में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिस प्रशासन और जनसंपर्क से जुड़े विभिन्न कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस दौरान वे थानों, पुलिस कार्यालयों और फील्ड ड्यूटी के माध्यम से पुलिसिंग की बारीकियों को समझेंगी।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बना डे केयर सेंटर, नाश्ता-चाय, मनोरंजन सहित कई गतिविधियां होंगी संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के समता कालोनी में सियान गुड़ी योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे केयर सेंटर का शुभारंभ मंगलवार को होने जा रहा है। इस डे केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिक योग-व्यायाम करने के साथ उन्हें चाय-नाश्ता, मनोरंजन, कौशल विकास गतिविधियां, परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं टेली-कंसल्टेशन, समूह चर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने दिव्यांग बालिका विकास गृह का पुनर्निर्माण कर यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे केयर सेंटर का निर्माण किया है। इस डे केयर सेंटर के संचालन के पीछे मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को अकेलापन, मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना है। अक्सर देखा जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में बढ़ते अकेलेपन की समस्या के कारण उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अकेलेपन को दूर करने के लिए ही डे केयर सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर में बुजुर्गों को सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं सक्रिय वातावरण दिए जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसके लिए यहां योग एवं व्यायाम, चाय-नाश्ता, मनोरंजन, कौशल विकास गतिविधियां, परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं टेली-कंसल्टेशन, समूह चर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से बुजुर्गों का अकेलापन की समस्या खत्म होगी, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे।

### सियान गुड़ी योजना अंतर्गत समता कालोनी में बने डे केयर सेंटर का शुभारंभ आज




#### सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा संचालित

यह केंद्र प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। इस सेंटर में पहुंचने वाले बुजुर्ग जरूर उदासी के साथ आएंगे, लेकिन यहां संचालित गतिविधियों में शामिल होकर वे मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ अपने घर लौटेंगे।

## रायकोना क्षेत्र में चर्चित है महाठग शिवा साहू

# ठग ने पुलिस के फर्जी लेटरपैड पर बैंक खाते से उड़ाए 31 लाख, तीन गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवां

रायकोना निवासी महाठग शिवा साहू ने एक बार फिर कानून को चुनौती दी है। हाईकोर्ट से सशर्त जमानत पर बाहर आए शिवा ने फर्जी दस्तावेज और पुलिस के जाली लेटरपैड व सील का इस्तेमाल कर बैंक से होल्ड की गई 31 लाख की राशि निकाल ली। पुलिस ने इस मामले में शिवा की तथाकथित गर्लफ्रेंड और उसके पिता सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य आरोपी शिवा साहू फरार है।

शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला शिवा साहू वर्तमान में जमानत पर है। जमानत की शर्त निवेशकों का पैसा लौटाना था, लेकिन उसने जालसाजी का रास्ता चुना। शिवा ने सरसींवा थाने के नाम पर फर्जी आवेदन और लेटरपैड तैयार कर सारंगढ़ के एचडीएफसी बैंक में पेश किया। बैंक को यह झांसा दिया गया कि पुलिस ने फ्रीज किए गए खातों से लेनदेन की अनुमति दे दी है।



### फरार शिवा की तलाश जारी

सूत्रों के अनुसार, शिवा साहू जमानत का दुरुपयोग कर फिर से रिश्तेदारों के नाम पर लग्जरी मकान, कार और ट्रैक्टर जैसी संपत्तियां खरीद रहा है। इस घटना से निवेशकों में भारी आक्रोश है और उन्होंने शिवा की जमानत तत्काल खारिज करने की मांग की है। पुलिस की टीम अब फरार महाठग की तलाश में जुटी है।

### करीबियों के नाम पर निकाली रकम

शिवा ने योजनाबद्ध तरीके से अपने भरोसेमंद साथियों के खातों से कुल 31 लाख रुपये आहरित किए, जिसमें डिगम जोल्हे के खाते से 10 लाख और ऋतु साहू व पिता चंद्रहास साहू के 21 लाख रुपये शामिल हैं।

### पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

धोखाधड़ी का खुलासा होते ही सरसींवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डिगम जोल्हे, ऋतु साहू और चंद्रहास साहू को गिरफ्तार कर लिया है। इनके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# अखंड ब्राम्हण समाज की नई अध्यक्ष बनीं शिवानी शर्मा



**भाटापारा।** अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ की प्रांतीय उपाध्यक्ष उषा मिश्रा के नेतृत्व में नक्खी बाबा मंदिर में बैठक आहूत की गई, जिसमें समिति के सदस्यों, पूर्व पदाधिकारियों सहित प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवीन कार्यकारणी का गठन हुआ, जिसमें अध्यक्ष-शिवानी राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष -किरण उपाध्याय, सचिव -शशि पांडेय, सह सचिव -साधना मिश्रा, संगठन सचिव-लता शर्मा, कोषाध्यक्ष -मीता शर्मा, उप कोषाध्यक्ष-ओमी तिवारी, मीडिया प्रभारी-सरिता रानी शर्मा, मीडिया प्रभारी-ममता दीवान को बनाया गया है। नवीन कार्यकारणी का गठन उपरांत समिति के प्रांतीय पदाधिकारी उषा मिश्रा, चन्द्रकिरण शर्मा, सीमा तिवारी, आशा लखन शर्मा, मार्गदर्शिका अंजू भृगु, सीमा शर्मा, रेखा शर्मा, संयोजिका बबीता भृगु, डॉ. निशा शर्मा, चन्द्रकांता तिवारी द्वारा सभी नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवानी राजेश शर्मा ने इस अहम दायित्व के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए परस्पर सहयोग का आग्रह किया। बैठक में नेहा शर्मा, भावना शुक्ला, स्वर्णलता त्रिवेदी, रेणु तिवारी, रानू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं उपस्थित थीं।

## बिजनेस साइट

# सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट

रायपुर। विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है। सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत-दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।




सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

# गुरु बाबा के बताये वचन आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

गुरु घासीदास बाबा के जयंती पर पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने कहा कि 269 साल पहले एक युग पुरुष ने इस धरती पर अवतार लिया और उनके बताए गए वचन आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा सतनामी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। आप सबको इसकी जानकारी होनी चाहिए। औरंगजेब जैसे क्रूर शासक जब हिंदुओं को मिटाने की कसम खाई थी, तब सतनामी समाज उनके खिलाफ लड़ाई लड़ा था। यह सब जानकारी समाज प्रमुख लोगों को रहना चाहिए।

- गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

श्री शर्मा ने कहा मुझसे जो भी मांगा मैं हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार रहा। यहां पर जितने भवन बने हैं मेरे द्वारा ही स्वीकृत कराया गया है, लेकिन समाज भाजपा के साथ खड़े होने तैयारी क्यों नहीं रहता। ऐसा क्या कारण है। उन्होंने कहा कि आज मुझे किसी और के पास मांगने के लिए जाना पड़ेगा जब तक मैं विधायक था तब तक हमेशा समाज की मांगों को पूरा करने का प्रयास किया, अब आपके द्वारा फिर से 25 लाख की मांग की जा रही है जिसे मैं अवश्य पूरा करूंगा। श्री शर्मा ने समाज के उपस्थित महिलाओं के बैठने की व्यवस्था के लिए 25 हजार की राशि स्वीकृत की।





कार्यक्रम में किसान नेता अनिल पांडे ने कहा मनखे मनखे एक समान निश्चित तौर पर बाबा के बताए हुए वचनों का हम पालन करेंगे तो सत्य की राह पर आगे बढ़ने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। श्री पांडे ने कहा कि हमें एक होकर समाज के लिए और नशा के खिलाफ एक होकर आंदोलन छेड़ना चाहिए नशा है।

खराब झन पीहु शराब इस स्लोगन को लेकर अगर हम आगे बढ़ेंगे तो सतनामी समाज के युवा भी आगे चलकर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र और उच्च स्तरीय नौकरी में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भाटापारा, जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, समाज के अध्यक्ष जगमोहन मारकंडे ने भी संबोधित किया।

आभार प्रदर्शन मनोज टोंडे और कृष्णा बंजारे ने किया। कार्यक्रम में पदुम टंडन, महेश बंजारे, नंद कुमार चेलक, जितेंद्र बंजारे, चंद्रप्रकाश टोंडे, किसान मोर्चा महामंत्री हेम सिंह चौहान, दिलीप कोसले, जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे, विवेक कुर्रे, चंद्रशेखर मारकंडे, प्रियंका अनूप तिवारी, मनीषा माया सलूजा, मनोज चौबे, अर्जुन टोंडे, दौलत बंजारे, सीपी मनहर, एके पुरेना, जनप्रतिनिधि व सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

## नए साल में और संवरेगा जिला मुख्यालय

# 2025 में पूरे होने वाले बड़े प्रोजेक्ट का लाभ 2026 में मिलेगा शहरवासियों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बनाने का सपना देख रहे नागरिकों को अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा। शहर के समग्र विकास को नई दिशा देने वाले करोड़ों रुपए के बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट्स, जिन्हें दिसंबर 2025 तक पूर्ण होना था, अब निर्माण कार्यों की कछुआ चाल के कारण 2026 तक खिंच गए हैं। बुनियादी ढांचे से जुड़े इन बड़े प्रोजेक्ट्स के अधूरे रहने से जहां एक ओर लागत बढ़ने की आशंका है, वहीं दूसरी ओर जनता को सुविधाओं के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय की तस्वीर बदलने के लिए साल 2023 और 2024 में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की नींव रखी गई थी। प्रशासन का लक्ष्य रहा कि 2025 के अंत तक मेडिकल कॉलेज, सेंट्रल लाइब्रेरी और रेलवे स्टेशन जैसे प्रोजेक्ट्स जनता को समर्पित कर किए जाएंगे। हालांकि, जमीनी हकीकत इसके उलट है। अनेक भवनों में अभी भी फिनिशिंग और स्ट्रक्चरल काम बाकी है। स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों की मरम्मत का कार्य भी समय सीमा के भीतर पूरा नहीं हो पाया। है, जबकि इसे पूरा किए जाने के लिए दिसंबर तक के सख्त निर्देश दिए गए थे। संबंधित विभागों द्वारा ठेकेदारों को बार-बार चेतावनी दी जा रही है, लेकिन कार्य की प्रगति अब भी संतोषजनक नहीं है। प्रोजेक्ट्स में देरी का मुख्य कारण ठेकेदारों द्वारा संसाधनों की कमी और योजना के क्रियान्वयन में सुस्ती को माना जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग के बावजूद काम की गति नहीं बढ़ पाई है।



### 2025 की इकलौती उपलब्धि, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक

निराशा के बीच साल 2025 में खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। शहर को सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की सौगात मिली है। स्थानीय धावक अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रैक पर अभ्यास कर पा रहे हैं। हालांकि, खेल प्रेमियों ने इसकी देखरेख और रखरखाव को लेकर चिंता जताई है। यदि इसकी उचित देखभाल नहीं की गई, तो करोड़ों की लागत से बना यह ट्रैक जल्द ही बदहाल हो सकता है।

### इन बड़े प्रोजेक्ट्स पर टिकी हैं नजरें

शहर के विकास की धुरी माने जाने वाले प्रोजेक्ट्स अब 2026 की समय सीमा की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र का प्रोजेक्ट का काम मई 2026 तक खिंच गया है। मेडिकज कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार, निर्माण जारी है लेकिन फिनिशिंग में वक्त लगेगा वहीं रेलवे अधिकारियों ने स्टेशन हो रहे निर्माण कार्य के लिए नई डेडलाइन जनवरी 2026 तय की है। इसके पूरा होने से यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली बीटीआई रोड पर वर्तमान में नाली और पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। पुरानी कृषि उपज मंडी में बनने वाले उपभोक्ता बाजार का काम भी अधूरा है, जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं में निराशा है।

# हड़ताल से दूरी बनाने वाले कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अधिकारी-कर्मचारियों के हड़ताल के दूसरे दिन फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों पर सख्त रुख अपनाया जा रहा है। आंदोलन का हिस्सा बनने की बजाय सरकारी कार्यों और बैठकों में शामिल होने वाले कर्मचारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने स्पष्ट किया है कि सामूहिक हितों की लड़ाई में बाधा डालने वाले सहयोगियों को बख्शा नहीं जाएगा। आंदोलन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समय-सीमा की बैठक में शामिल होने वाले कर्मचारियों और धरना प्रदर्शन से दूरी बनाने वाले सदस्यों के प्रति फेडरेशन ने भारी नाराजगी व्यक्त की है। संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि फेडरेशन की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया है।



संघ का मानना है कि जब प्रदेशव्यापी आह्वान पर सभी कर्मचारी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, ऐसे में कुछ कर्मचारियों का प्रशासनिक बैठकों में हिस्सा लेना संगठन की एकजुटता को कमजोर करता है। यह निंदा प्रस्ताव न केवल एक चेतावनी है, बल्कि भविष्य में संगठन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का आधार भी बनेगा। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि शासन और प्रशासन ने उनकी जायज मांगों पर जल्द ही सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया, तो यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

हड़ताल को विफल करने की कोशिशों के बीच एक और बड़ी जानकारी सामने आई है। टेकराम सेन ने बताया कि कई कर्मचारियों ने हड़ताल की अवधि के दौरान अवकाश लिया है। संघ अब इन सभी अवकाशों की समीक्षा कर रहा है। फेडरेशन की तैयारी है कि आंदोलन के दौरान लिए नदारत रहे कर्मचारियों के अवकाशों को अमान्य या निरस्त घोषित करने की मांग की जाएगी, ताकि कोई भी कर्मचारी हड़ताल के नाम पर लिए अवकाश के बहाने जिम्मेदारी से बच न सके।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
31 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:45, 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# शहर में बढ़ी चोरी, शराब, जुआ और तोड़फोड़ की घटनाएं

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने उठायी आवाज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में बढ़ती चोरी, तोड़फोड़, जुआ सट्टा, अवैध शराब बिक्री, कोचिया गिरी और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर नगर के जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी कोतवाली पहुंचकर एसडीओपी निधि नाग एवं थाना प्रभारी अजय झा से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने नगर में लगातार बढ़ रहे अपराधों पर चिंता जताते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में त्वरित जांच कर दोषियों की पहचान करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि नगर में भयमुक्त वातावरण स्थापित हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इस अवसर पर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान के नेतृत्व में पार्षद सुरेश घृतलहरे सहित पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, गोविंद पात्रे, रविंद्र नामदेव एवं मनीष वर्मा उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और नगर में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### प्रतिनिधयों असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों से अवगत कराया

प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया कि शहर के विभिन्न वार्डों में असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वार्ड 17 में मोक्षधाम स्थित स्टोर रूम का गेट एवं झूला चोरी हो गया है, वहीं वार्ड 20 में मूर्तियों को तोड़ने जैसी घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा मुरूम तालाब स्थित भारत माता की प्रतिमा के सामने बने सिपाहियों के हाथों को क्षतिग्रस्त किया गया है, जो न केवल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला है, बल्कि धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है।

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन किए युवक की मौत

**सेल।** ग्राम सेल में जहर सेवन करने वाले युवक की इलाज के 7 दिनों बाद मौत हो गई। युवक ने 24 दिसंबर को जहर सेवन किया था। युवक जीतकुमार साहू का इलाज मोहल्ला चांदनी चौक बलौदाबाजार के निजी हॉस्पिटल में चल रहा था, जहां उसकी 30 दिसम्बर को मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम बाद परिजनों ने स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया।

### हर्ष पुंशी ने कैट की परीक्षा उत्तीर्ण की



**भाटापारा।** नगर के हर्ष पुंशी ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट कैट की परीक्षा में 99.70. प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार सहित नगर का नाम रोशन किया। हर्ष पोहामिल व्यावसायी नरेन्द्र पुंशी के पुत्र है।

### सात लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सोनासिल्ली के डिपरापारा से पिथौरा पुलिस ने अवैध बिक्री के लिए रखे गए शराब को बरामद कर एक आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सोनासिल्ली डिपरापारा में चुम्मन उर्फ छोटू मिरी सोनासिल्ली डिपरापारा में देशी शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिस पर उसने अपा नाम चुम्मन उर्फ छोटू मिरी पिता दुकालू मिरी (21 साल) स्कूल पारा सोनासिल्ली होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल सात लीटर महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद कया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम अंसुला के चारभांठा रोड बिजली खंभा के पास से सांकरा पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब बरामद कर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने 29 दिसंबर को मौके पर पहुंचकर दयाराम पटेल पिता गोपी राम पटेल (42 साल) अंसुला के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### जनप्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

महासमुंद। जिले में विकास कार्यो के ठप होने से नाराज जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा, कांग्रेस और आप सहित सभी दलों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा और 15वें वित्त की राशि जल्द जारी करने की मांग की।
जनप्रतिनिधियों का कहना है कि निर्वाचन वर्ष 2024-25 के बाद से अब तक जनपदों और ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि आवंटित नहीं की गई है। इसके अलावा, जनपद और जिला पंचायत सदस्यों को मिलने वाली विकास निधि भी रुकी हुई है। राशि के अभाव में गांवों में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और गौठानों में चारे की व्यवस्था जैसे बुनियादी कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई पंचायतों के पास 26 जनवरी के आयोजन तक के लिए फंड नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि 20 जनवरी तक राशि का भुगतान नहीं हुआ, तो कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है और राशि की स्वीकृति मिलते ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## धान परिवहन शुरू नहीं होने से सुखत और जगह की समस्या बनी

# भटभेरा के 10 उपार्जन केंद्रों में 1.87 लाख क्विंटल धान की खरीदी, उठाव ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला





समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को शुरू हुए लगभग डेढ़ माह हो चुके हैं, लेकिन परिवहन व्यवस्था अब तक सुचारु नहीं हो पाई है। इसका सीधा असर धान खरीदी केंद्रों पर देखने को मिल रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भटभेरा के अंतर्गत आने वाले 10 उपार्जन केंद्रों में अब तक 1 लाख 87 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन उठाव नहीं होने से केंद्रों में धान जाम हो गया है और स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है।

समिति कर्मचारियों के अनुसार सभी खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट काफी पहले पार हो चुकी है। परिवहन नहीं होने से धान में सुखत की समस्या शुरू हो गई है, वहीं गोदामों में जगह की भारी कमी के कारण किसानों से नया धान खरीदना भी चुनौती बनता जा रहा है। इससे न सिर्फ समितियों पर दबाव बढ़ा है, बल्कि किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शाखा प्रबंधक बीएल नवरतन ने बताया कि अब तक 44 करोड़ 48 लाख 31 हजार में 1 लाख 87 हजार 756.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस दौरान 13 करोड़ 8 लाख 19 हजार की ऋण वसूली भी की गई है। बावजूद इसके परिवहन मात्र 42 हजार 420 क्विंटल ही हो सका है, जबकि 1 लाख 45 हजार 336.80 क्विंटल धान विभिन्न खरीदी केंद्रों में जाम है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन काटने की प्रक्रिया 24 घंटे कर दिए जाने से प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ गई है, लेकिन उठाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है।

इसी तरह सुहेला समिति प्रबंधक शिवदास मानिकपुरी ने बताया कि उनके केंद्र में खरीदे गए धान का मात्र 21 प्रतिशत ही परिवहन हो पाया है। अब तक 20 हजार 537 क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जिसमें से सिर्फ 4 हजार 400 क्विंटल का उठाव किया गया है। समिति प्रबंधकों ने आरोप लगाया कि मिलरों द्वारा भाटापारा के आसपास स्थित खोखली देवरी, टेहका, दावनबोड़, जरौद और तरेंगा जैसे नजदीकी उपार्जन केंद्रों से ही धान का परिवहन किया जा रहा है, जबकि 15 से 17 किलोमीटर दूर स्थित केंद्रों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है।

मामले में जिला खाद्य अधिकारी (डीएमओ) गजेंद्र राठौर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ रहा।

### भटभेरा केंद्र में स्वर्णा धान का उठाव शून्य

भटभेरा धान खरीदी केंद्र के प्रभारी यशवंत जायसवाल ने बताया कि केंद्र में अब तक 19 हजार 591.60 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जिसमें से केवल 2 हजार 740 क्विंटल का ही परिवहन हो पाया है। उन्होंने बताया कि परिवहन केवल महामाया किस्म के धान का किया गया है, जबकि स्वर्णा किस्म का एक भी बोरा अब तक नहीं उठाया गया है, जिससे सुखत की समस्या प्रारंभ हो चुकी है।

### डेढ़ लाख टन का डीओ कटा : कलेक्टर

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि धान उठाव के लिए डीओ कटना शुरू हो चुका है। अब तक डेढ़ लाख टन का डीओ कट चुका है, जिसमें से लगभग 1 लाख 20 हजार टन धान का परिवहन हो चुका है। उन्होंने बताया कि स्वर्णा धान के उठाव की अनुमति के लिए शासन को पत्र लिखा गया है और अनुमति मिलते ही परिवहन की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

# दो चखना सेंटर संचालकों पर गिरी गाज, जमा करनी पड़ी जमानत 10-10 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







शहर में अवैध गतिविधियों और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अब सख्त रुख अपना रहा है। बार-बार समझाइश और कार्रवाई के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वाले दो चखना सेंटर संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। बाउंड ओवर की शर्तों को तोड़ने के कारण एसडीएम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत राशि जब्त करने का आदेश दिया, इसके बाद उन्हें 10 -10 हजार रुपये तत्काल जमा करने पड़े।

- बाउंड ओवर का उल्लंघन करने पर एसडीएम ने की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, अनावेदक दशमारोह निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पठारे और पुरानी बस्ती निवासी 25 वर्षीय राकेश टंडन शहर में चखना सेंटर संचालित करते थे। इन केंद्रों के कारण होने वाली असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस ने पूर्व में इन्हें मना किया था और कार्रवाई भी की थी। इसके बावजूद, दोनों अपनी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिटी कोतवाली पुलिस ने पूर्व में इनके विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126 और 135 के तहत कार्रवाई की थी। इसके तहत दोनों को भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध या नियम उल्लंघन न करने की शर्त पर 10-10 हजार का निजी मुचलका (बाउंड ओवर) भरने का आदेश दिया था।

### शर्तों का उल्लंघन पड़ा भारी

थाना प्रभारी सिटी कोतवाली ने पाया कि जमानत के बावजूद दोनों अनावेदकों ने बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन किया है और पुनः अवैध चखना सेंटर चलाने के काम में संलिप्त रहे। पुलिस ने इस उल्लंघन की रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय बलौदाबाजार में प्रस्तुत की। एसडीएम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पूर्व में निष्पादित बंधपत्र की शर्तों का उल्लंघन किया है। इस पर कड़ा फैसला लेते हुए एसडीएम बलौदाबाजार ने दोनों अनावेदकों को अपनी बाउंड ओवर राशि कुल 20 हजार तत्काल शासन के पास जमा करने के निर्देश दिए।

## संयंत्र ने करायी स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, हिरमी के सीएसआर विभाग द्वारा मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के साथ शिशुओं की सहभागिता रही। प्रतियोगिता के दौरान शिशुओं के वजन, लंबाई, टीकाकरण स्थिति, पोषण स्तर एवं समग्र स्वास्थ्य का आंकलन शासकीय स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आरएचओ) अनिता चतुर्वेदी द्वारा किया गया। साथ ही माताओं को संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण, स्वच्छता और शिशु देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कान्ति वर्मा, मितानीन दीदी इंद्राणी सेन, लक्ष्मी लसेल, स्वास्थ्य विभाग के प्रेरक रमा लसेल तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिशुओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सीएसआर प्रबंधक वैभव त्रिपाठी ने कहा कि संयंत्र प्रबंधन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता जागरूकता जैसे कार्यक्रम का आयोजन निरंतर किया जाता रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहा है। कार्यक्रम में सी एस आर से आशुतोष खरे, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, मनोज वर्मा, प्रीतम पटेल, हेमलाल, तारणी राजपूत, सविता वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

## सेल में तीन दिवसीय नागलीला आज से

**सेल।** ग्राम सेल में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक तीन दिवसीय नागलीला का आयोजन रखा गया हैं। स्थानीय बजरंग चौक सूतियापारा मोहल्ला में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। इसमें सूतिया तालाब नागलीला की परिक्रमा की जाएगी। कीर्तन पार्टी में भजन कीर्तन गाते हुए तालाब में परिक्रमा की जाएगी।



कार्यक्रम शाम पांच बजे शुरु होगा, मिनी मेला जैसे महौल रहेगा। आसपास के ग्रामीणों को नागलीला देखने के लिए आमंत्रित किया गया हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमलता, बालेश्वर वैष्णव, बजरंगी महाराज देवरीकला वाले जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि प्रहलाद जायसवाल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सेल, कृष्ण कुमार वर्मा, (पीलू) वर्मा पंच ग्राम पंचायत सेल, नीलू राज साहू (पप्पू) जनपद सदस्य, सरपंच पीयूष आर्यन ग्राम पंचायत सेल, विशेष सहयोगी महेश्वर साहू मंडी प्रभारी सेल, अनिल कैवर्त्य, जगेश जायसवाल, महेश्वर जायसवाल, सूरज कुमार जायसवाल, सतीश जायसवाल, भास्कर जायसवाल सहित समस्त ग्रामवासी सूतियापारा सेल सम्मिलित हैं।

# नववर्ष के पूर्व गुंडा बदमाशों पर पुलिस ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नववर्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों तथा शांति व्यवस्था बाधित करने वाले आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 30 दिसम्बर को थाना सिटी कोतवाली पलारी चौकी करहीबाजार क्षेत्र अंतर्गत निवासरत गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को थाना सिटी कोतवाली बुलाया गया। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली में निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा सभी गुंडा बदमाशों एवं निगरानी बदमाशों को नव वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा शासन के नियमों का पालन करने हेतु हिदायत दी। इसके अतिरिक्त इन सभी गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अंवैधानिक कार्यों में लिप्त तथा अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## जिला अस्पताल में लगा शिविर, हीमोफीलिया के मरीजों ने लिया हिस्सा

# हीमोफीलिया मरीजों ने सीखा स्वयं के इलाज का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





स्वास्थ्य विभाग तथा इंटास फाउंडेशन के समन्वय से बलौदाबाजार के जिला चिकित्सालय में हीमोफीलिया से पीड़ति मरीजों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के अंतर्गत हीमोफीलिया रोगियों को सेल्फ इन्फ्यूजन, फिजियोथेरेपी प्रशिक्षण तथा आवश्यकतानुसार फैक्टर वितरण की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और दैनिक जीवन में होने वाली परेशानियों को मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी एवं इंटास फाउंडेशन की टीम के साथ साझा किया। यह शिविर एक संवादात्मक (इंटरएक्टिव) सत्र रहा, जिसमें फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा मरीजों को फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में बताया गया तथा स्टाफ नर्सों द्वारा उन्हें यह भी सिखाया गया कि वे किस प्रकार सुरक्षित रूप से फैक्टर वायल का उपयोग कर स्वयं इन्फ्यूजन कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि हीमोफीलिया एक दुर्लभ आनुवांशिक ब्लड डिसऑर्डर है जो ब्लड जमने से रोकता है। हीमोफीलिया से पीड़ति लोगों को आमतौर पर चोट लगने के बाद सामान्य से ज्यादा समय तक रक्तस्राव होता है और बहुत ज्यादा रक्तस्राव का खतरा होता है। हीमोफीलिया के इलाज के लिए गायब रक्त के थक्के बनाने वाले कारकों को बदला जाता है।

# खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग में शैली ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग जोनल लीग (वेस्ट जोन) 14 वर्ष बालिका इंदौर पब्लिक स्कूल राजेन्द्र नगर मध्यप्रदेश में चल रहा था, जिसमें कसडोल नगर की शैली यादव ने गोल्ड मेडल हासिल किया। अब ये खेलो इंडिया नेशनल गेम्स तमिलनाडु (चेन्नई) के लिए सिलेक्ट हुई है। स्टार लाईन स्पोर्ट्स क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी राघवेंद्र ने बताया कि शैली यादव के दोनों बड़े भाई हमारे क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी रहे। स्व. आलोक यादव और संदीप यादव किक बॉक्सिंग के नेशनल खिलाड़ी हैं। शैली ने छत्तीसगढ़ सहित कसडोल नगर का मान बढ़ाया है। शैली के जीत पर ऋत्विक मिश्रा, आलोक मिश्रा, संतोष साहू, कमलेश कश्यप, गुड्डा जायसवाल, बल्लू कश्यप, शैलेन्द्र पवार एवं नगर वासियों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।